कार्यालय सेवा संकुल आवासीय विकास समिति,आर.पी.ए.,जयपुर।

क्रमांक :– 115-22 दिनांकः– 18-3-2026

कार्यालय आदेश

सेवा संकुल आवासीय परिसर में स्थापित पम्प सेट, विभिन्न जल मोटरों एवं पाइप लाइनों की मरम्मत एवं रख–रखाव हेतु इस कार्यालय के पत्रांक 88–94 दिनांक 08.03.2026 द्वारा निविदाएं आमंत्रित की गई थीं। उक्त निविदाओं में भाग लेने की अंतिम तिथि 18.03.2026 को दोपहर 1:00 बजे तक निर्धारित थी, किन्तु निर्धारित अवधि तक किसी भी निविदाकार फर्म द्वारा निविदा प्रस्तुत नहीं की गई।

अतः प्रतिस्पर्धा सुनिश्चित करने एवं अधिकाधिक निविदाकारों की सहभागिता के दृष्टिगत, सक्षम प्राधिकारी की स्वीकृति से निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि को एक सप्ताह के लिए बढ़ाते हुए दिनांक 25.03.2026 को दोपहर 1:00 बजे तक निर्धारित किया जाता है साथ ही श्रीमती विनोद हैड कानी 2178 को निर्देशित किया जाता है कि वे अधिक से अधिक निविदाकार फर्मो को इस संबंध में सूचित करना सुनिश्चित करें, ताकि व्यापक प्रतिस्पर्धा सुनिश्चित हो सके।

भवदीय

(रमेश शर्मा)
उपाध्यक्ष
सेवा संकुल आवासीय विकास समिति,
राजस्थान पुलिस अकादमी,
जयपुर।

प्रतिलिपिः–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं अवलोकनार्थ अग्रिम कार्यवाही हेतु सादर प्रेषित हैः–

1. निदेशक सूचना एवं जन सम्पर्क निदेशालय राजस्थान जयपुर को 10 प्रतियों में भेजकर निवेदन है कि निविदा सूचना को तीन दिवस तक आवश्यक रूप से एक क्षेत्रीय स्तर के समाचार पत्र में प्रकाशित करावें।
2. समस्त महानिरीक्षक पुलिस रेंज को भेजकर निवेदन है कि आपके अधीनस्थ जिलों के ठेकेदारों को सूचित कराने का श्रम करावें। ई–मेल पर प्रति संलग्न कर भिजवाई जा रही है।
3. सहायक निदेशक (प्रशासन) एवं नोडल अधिकारी आर.पी.ए. जयपुर।
4. लेखाधिकारी, राजस्थान पुलिस अकादमी, जयपुर।
5. प्रोग्रामर, आर.पी.ए. जयपुर को भेजकर लेख है कि उपरोक्त निविदा मय खुली निविदा सूचना, निविदा प्रारूप एवं शर्तो के www.rpa.rajasthan.gov.in वेबसाइट पर अपलोड करवाना सुनिश्चित करावें।
6. कैशियर आर.पी.ए. जयपुर।
7. नोटिस बोर्ड आर.पी.ए. जयपुर।

उपाध्यक्ष
सेवा संकुल आवासीय विकास समिति,
राजस्थान पुलिस अकादमी,
जयपुर।